राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

जन्म दिन पर राज्यपाल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री श्री शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने भी दी बधाई और शुभकामनाएं राज्यपाल को जन्मदिन पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने फोन कर दी बधाई

जयपुर, 17 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के जन्मदिन पर रविवार प्रातः: राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें फोन कर बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल के जन्मदिन पर रविवार प्रातः: से ही विशिष्ट जनों ने फोन कर उन्हें बधाई और स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल श्री बागडे को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने विशेष रूप से बधाई और शुभकामनाएं दी। पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे आदि ने भी व्यक्तिश: फोन कर राज्यपाल श्री बागडे को जन्मदिन की बधाई और मंगलकामनाएं दी। इन सबने राज्यपाल श्री बागडे को जमीन से जुड़ा आदर्श व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व प्रेरणादायक है।

राज्यपाल श्री बागडे ने अपने जन्मदिन पर मिली बधाइयां और शुभकामनाओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि विशिष्ट जनों, गणमान्य जनों और आम जन का प्यार और सद्भाव ही उनके जीवन की प्रेरणा है।

———

लाभार्थियों से संवाद किया, बच्चों के बीच केक काटकर उन्हें खिलाया सलूम्बर जिले के गांव बरोड़ा में जनजातीय समुदाय से किया आत्मीय संवाद बच्चों को प्रेरक कहानियां सुनाई, कहा खूब पढें और जीवन में निरंतर आगे बढें राज्यपाल ने आदिवासियों के मध्य मनाया अपना जन्म दिन

जयपुर, 17 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने अपना जन्म दिन आदिवासी लोगों के साथ मिल–बैठकर मनाया। अपने जन्म दिन की पूर्व सांझ वह सलूम्बर जिले के ग्राम बरोड़ा पहुंचे थे। रात्रि विश्राम भी उन्होंने आदिवासी गांव में ही किया। उन्होंने रात्रि में लोगों के साथ चौपाल की। खाट पर बैठकर जनजातीय लोगों के साथ आत्मीय संवाद किया। इस दौरान जनजातीय समुदाय राज्यपाल को अपने बीच पाकर अभिभूत हो गया। बच्चों ने राज्यपाल के पास पहुंचकर उन्हें अपने सृजन कर्म से अवगत कराया। राज्यपाल ने भी बच्चों को दुलार देते हुए उनको प्रेरक कहानियां सुनाई।

राज्यपाल ने जन्म दिन की सुबह, रविवार को बरोड़ा के आदिवासी समुदाय की समस्याओं, शिक्षा की स्थिति के बारे में भी विशेष रूप से जानकारी ली। उन्होंने भील समाज और उनकी परम्पराओं के संरक्षण पर भी स्थानीय लोगों से संवाद किया। उन्होंने जन्म दिन पर आदिवासी गांव में वृक्षारोपण भी किया।

राज्यपाल बाद में गांव के एकलव्य मॉडल स्कूल पहुंचे। वहां आदिवासी बच्चों के बीच उन्होंने जन्म दिन का केक काटकर सबसे पहले उन्हें ही उसे खिलाया। बच्चों के साथ उन्होंने मिल–बैठकर खूब बातें की।आदिवासी समुदाय के बच्चों को खूब पढ़ने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। बच्चों से उन्होंने मेवाड़ की वीर धरती, महाराणा प्रताप और भीलों की सहायता से युद्ध करने की कहानियां सुनाई।

राज्यपाल श्री बागडे ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की विकास योजनाओं से आदिवासियों को अधिकाधिक लाभान्वित करने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने लाभार्थी संवाद में चेक वितरण किया और आदिवासी उत्पादों के अधिकाधिक विपणन के लिए कार्य करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि और आरोग्य योजना के माध्यम से गरीब और आदिवासी समुदाय के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में सभी मिलकर कार्य करें। आदिवासी समुदाय की शत–प्रतिशत शिक्षा के लिए उन्होंने हर संभव सहयोग करने और उन्हें प्रेरित कर पढ़ाने, योजनाओं से लाभान्वित करने का आहवान किया।

एवं

सत्यमेव जयते
लाभार्थी संवाद
राजीविका
राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका)
ग्रामीण विकास विभाग, राजस्थान सरकार - जयपुर
DDMMYYYY
PAY एक सौ तीन (103) राजीविका महिला स्वयं सहायता समूह को बैंक क्रेडिट लिंकेज के द्वारा ऋण स्वीकृत
RUPESS राशि दो करोड़ सत्यानवे लाख रूपये मात्र
BY ORDER
₹ 2,97,00,000/-
A/C NO. XXXXXXXX
माननीय राज्यपाल

राजस्थान ग्रा
SHG
STEP BY S
From 1st Meeting
2 Month
3-4 Month
6-8 Month
6-12 Month
24-30 Month
36-40 Month
आजिविका